सीप गार्ड वर्टिकल सरफेसेज

बाहरी खड़ी प्लास्टरशुदा दीवारों के लिए व्हाइट सीमेंटनुमा एकल कम्पोनेंट हीट रिफ्लेक्टिंग वॉटरप्रूफ कोटिंग

सीप गार्ड वर्टिकल सरफेसेज बाहरी खड़ी प्लास्टरशुदा दीवारों/ कॉन्क्रीट सतहों के लिए एक पॉलिमर मॉडिफाइड, व्हाइट सीमेंटनुमा, उच्च प्रदर्शन कोटिंग सिस्टम है. इसे जर्मन पॉलिमर्स और व्हाइट सीमेंट के साथ बनाया गया है. यह पानी को दीवारों में घुसने नहीं देता. इस तरह यह ढांचे को पानी सम्बंधी क्षतियों से बचाता है व टॉप कोट पेंट आयु को बचाता है.

प्रयोग स्थान

- सभी प्रकार की नई व मौजूदा बाहरी कॉन्क्रीट, आरसीसी व सीमेंटनुमा सतहें.
- बंगले की बाहरी दीवारें, भवन की बाहरी दीवारें.

उत्पाद ख़ूबियाँ व फायदें

- **अत्यधिक जलरोधी:** 5 बार्स पॉजिटिव हाइड्रोस्टेटिक दबाव तक वॉटरप्रूफिंग रक्षण.
- **एडहेशन (जुड़ाव):** आरसीसी, कॉन्क्रीट व सीमेंटनुमा सतहों के साथ बहुत मजबूत जुड़ाव.
- **टिकाऊपन:** अपने भवन की सतह की लीकेज व सीपेज क्षतियों से बचाएँ.
- **दरार भराई:** जर्मन एलास्टोमेरिक पॉलिमर्स की मौजूदगी के कारण बेहतरीन दरार भराई गुण.
- **प्रयोग व रखरखाव:** यह एक सिंगल पैक, व्हाइट सीमेंट आधारित पॉलिमर मॉडिफाइड पाउडर उत्पाद है.
- **फुलाव-रोधी:** यह उत्पाद फुलाव को रोकता है और दीर्घकालिक प्रभाव प्रदान करता है.
- **गर्मी परावर्तक (हीट रिफ्लेक्टिव) और यूवी प्रतिरोध:** व्हाइट सीमेंट तथा व्हाइट एडिटिव्ज आधारित होने के कारण यह बेहतरीन यूवी प्रतिरोधी रिफ्लेक्टिव कोटिंग है और धूप का सामना करनेवाली सतहो पर प्रयोग करते समय 8-10°C तक गर्मी में कमी लाता है.
- **पर्यावरण-अनुकूल:** शून्य वॉलेटाइल ऑर्गेनिक कम्पाउंड (वीओसी).
- **कवक व फफूंद प्रतिरोधी**
- **वॉरंटी:** यह उत्पाद 8 वर्ष की वॉटरप्रूफिंग वॉरंटी प्रदान करता है.
- **फूड ग्रेड प्रमाणित:** यह उत्पाद केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान से प्रमाणित है और यह पानी की टंकियों, जलाशयों आदि में उपयोग करने के लिए सुरक्षित है.

पैकेजिंग

- **15 Kg**

तकनीकी जानकारी

Properties	Seep Guard Vertical Surfaces	Test Method
Tensile Adhesion Strength (pull off) (n/mm²) @ 28 days	1.59	ASTM D7234
Water Impermeability (Against Hydrostatic Pressure) (Bar)	Positive Side: Nil @ 5 bar & 2mm @7 bar Negative Side: Pass @ 5 bar	EN 12390-8:2000
Crack Bridging (MM)	No cracking up to 1.62 mm	EN 1062-7
Alkali Resistance	No colour change	IS 15489
Fungal Resistant	Zero rating	ASTM G 21
Coverage* Vertical Surface: Two coats on plaster/concrete surface (Priming coat with 100% +One coat with 60-65%, Sqft/Kg)	24-26	In-House
Coverage* Vertical Surface: Three coats on RCC/concrete surface (Priming coat with 100 %+Two coat with 60-65%, Sq.ft./Kg)	14-16	In-House
Pot Life (hours)	1.5	In-House
Reduction of surface temp. at Noon time (°C)	8-10	In-House
Food Grade Certification	Pass	CFTRI Certification

*This value is on ideal concrete surface; however, this may change according to surface pattern/ texture.

शेल्फ लाइफ

शेल्फ लाइफ उत्पादन की तारीख से 12 महीने है

बेजोड़ सफेदी

अत्यधिक जलरोधी

सतह तापमान में कमी

कैसे प्रयोग करें

सतह की तैयारी

- एमरी पेपर, छेनी या वायर ब्रश आदि की मदद से सभी खुली चिपकी हुई सामग्री को सतह से हटा दें, जैसे धूल, मैल, जैविक सॉल्वेंट (डी-शटरिंग/ तराई मुक्त कम्पाउंड) व तेल आदि.
- रीपेंट वाली सतहों पर, जहाँ सीप गार्ड वर्टिकल सरफेसेज प्रयोग कर सकते हैं, वहाँ सतह से पुराना पेंट निकाल लें.
- फूलने की दशा में सतह को पूरी तरह से साफ़ करके खुले कण आदि को हटा देना चाहिए.
- सतह को साफ़ पानी से अच्छे से धो लें और सतह पूरी तरह सूख जाने के बाद ही उत्पाद प्रयोग करना चाहिए.
- सतह की दरारें (<3mm) सीप गार्ड क्रैक एंड से भरनी चाहिए और बड़ी दरारे, क्षतिग्रस्त हिस्सा व खोखली जगहें बिरला व्हाइट लेवलप्लास्ट (पॉलिमर सीमेंट मॉडिफाइड मोर्टर उत्पाद) से रिपेयर किया जाना चाहिए.

प्राइमिंग कोट

- 1Kg उत्पाद को धीमे धीमे 100% साफ पानी (1Kg उत्पाद + 1000 Ml पानी) मिलाकर स्लरी बनाएँ.
- बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह मिक्स करने के बाद 5 मिनट तक छोड़ दें. तैयार की गई स्लरी एक से डेढ़ घंटे के भीतर प्रयोग कर लें.
- पूरी तरह मिक्सिंग के बाद पेंटिंग ब्रश/रोलर की मदद से साफ़ व सूखी दीवार/सतह पर एकसमान प्राइमिंग कोट लगाएँ.

पहला और दूसरा कोट

- 1Kg उत्पाद को धीमे धीमे 60%-65% साफ पानी (1Kg उत्पाद + 600 से 650 Ml पानी) मिलाकर स्लरी बनाएँ.
- सम्भव हो तो मेकेनिकल स्टीरर की मदद से मिक्सिंग करनी चाहिए (3-5 मिनट)
- बेहतर जुड़ाव और कवरेज के लिए, पूरी तरह मिक्सिंग के बाद सतह को 4-6 घंटे के अंतराल में आड़ी तिरछी दिशा में दो कोट लगाएँ.
- सतह को 10-12 घंटे तक पूरी तरह सूखने दें, उसके बाद अन्य टॉप कोट पेंट उत्पाद का कोट लगाएँ.
- दोनों कोट की कुल मोटाई अधिकतम 1 मिमी होनी चाहिए.

एक्सटरियर प्राइमर और एक्सटरियर एमल्शन प्रयोग

- पेंटिंग ब्रश/रोलर की मदद से बिरला व्हाइट एक्सटरियर प्राइमर का एकल कोट लगाकर 3-4 घंटे सूखने दें.
- प्राइमर लगाने के बाद, एक्सटरियर एमल्शन टॉप कोट पेंट लगाएँ, जो वॉटरप्रूफिंग रक्षण देगा.

SEEPGUARD™

WATERPROOFING SOLUTIONS

VERTICAL SURFACES

Waterproofing 8 year* Warranty